चीन के तीसरे विमानवाहक पोत का पहला समुद्री परीक्षण

[स्रोत: द हिंदू](#)

चीन के **तीसरे विमानवाहक पोत (Carrier), फुज़ियान** ने अपना आठ दिवसीय पहला समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।

- **फुज़ियान** एक 80,000 टन का **सुपरकैरियर** है जिसमें विमान लॉन्च करने के लिये **विद्युत चुंबकीय कैटापुल्ट** होते हैं।
  - परीक्षणों में प्रणोदन, विद्युत प्रणालियों और अन्य उपकरणों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे अपेक्षित परिणाम प्राप्त हुए।
- **अमेरिका के बाद** चीन इस तकनीक के साथ सुपरकैरियर तैनात करने वाला **दूसरा देश** है।
- चीन का **पहला** विमानवाहक पोत **लियाओनिंग 2012** में और **दूसरा** वाहक **शेडोंग 2017** में लॉन्च किया गया था।
- चीन द्वारा यह घोषणा की गई कि वह अपना **चौथा विमानवाहक पोत** तैयार कर रहा है, जो संभवतः **परमाणु-संचालित सुपरकैरियर** होगा।
- **भारतीय नौसेना के विमान वाहक पोत:**
  - भारतीय नौसेना के पास दो विमान वाहक पोत हैं अर्थात् **INS विक्रमादित्य** (जो वर्ष 2013 में अपनाया गया एक नवीनीकृत रूसी वाहक है) तथा **INS विक्रांत** (सितंबर 2022 में अपनाया गया स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित)।

और पढ़ें: स्वदेशी विमान वाहक

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/china-s-third-aircraft-carrier-completes-maiden-sea-trials